Bharat Temples

मुझको तेरा नजारा सदा चाहिये आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले मुझको तेरा सहारा सदा चाहिये यहाँ खुशियों हैं कम और ज्यादा है गम Bhajans Bhakti Songs

मुझको तेरा नजारा सदा चाहिये ॥आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले ।
मुझको तेरा सहारा सदा चाहिये ॥ यहाँ खुशियों हैं कम और ज्यादा है गम ।
जहाँ देखो वहीं है, भरम ही भरम ॥मेरी महफिल में शमां जले ना जले ।
मेरे दिल में उजाला तेरा चाहिये ॥आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले ।
मुझको तेरा सहारा सदा चाहिये ॥कभी वैराग है, कभी अनुराग है ।
यहाँ बदले है माली, वही बाग़ है ॥मेरी चाहत की दुनिया बसे ना बसे ।
मेरे दिल में बसेरा सदा चाहिये ॥आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले ।
मुझको तेरा सहारा सदा चाहिये ॥मेरी धीमी है चाल और पथ है विशाल ।
हर कदम पर मुसीबत, अब तू ही संभाल ॥पैर मेरे थके हैं, चले ना चले ।
मेरे दिल में इशारा तेरा चाहिये ॥आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले ।
मुझको तेरा सहारा सदा चाहिये ॥चाँद तारे गगन में दिखे ना दिखे ।
मुझको तेरा नजारा सदा चाहिये ॥आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले ।
मुझको तेरा सहारा सदा चाहिये ॥

Source: https://www.bharattemples.com/mujhako-tera-najaara-sada-chaahie/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw